भारत सरकार
विद्युत मंत्रालय
....
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या-2869
जिसका उत्तर 05 दिसम्बर, 2019 को दिया जाना है ।

गांवों का विद्युतीकरण

2869. श्री बी.बी. पाटीलः

क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत दो वर्षों के दौरान जिन गांवों को बिजली प्रदान की गई है उनकी राज्य-वार संख्या कितनी है;

(ख) सरकार द्वारा देश भर के सभी गांवों और बस्तियों में बिजली पहुंचाने के लक्ष्य को हासिल करने के लिए की जा रही कार्रवाई का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार का सौर ऊर्जा के माध्यम से ऐसे गांवों और बस्तियों को बिजली प्रदान करने का विचार है जिनके पास उक्त लक्ष्य के अंतर्गत कवर नहीं होने के कारण बिजली की सुविधा नहीं है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

विद्युत और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्य मंत्री (श्री आर. के. सिंह)

(क) से (घ) : राज्यों द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, देश में 28.04.2018 तक सभी आवासित जनगणना गांवों को विद्युतीकृत कर दिया गया है। विगत दो वर्षों के दौरान, 5251 आवासित गैर-विद्युतीकृत जनगणना गांवों का विद्युतीकरण किया गया। राज्य-वार ब्यौरा **अनुबंध** में दिया गया है।

****

<u>अनुबंध</u>

लोक सभा में दिनांक 05.12.2019 को उत्तरार्थ अतारांकित प्रश्न संख्या 2869 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध।

****

गत दो वर्षों अर्थात् 2017-18 एवं 2018-19 को दौरान डीडीयूजीजेवाई के अंतर्गत आवासित गैर-विद्युतीकृत जनगणना गांवों का राज्य-वार विद्युतीकरण।

क्रम सं.	राज्य का नाम	2017-18	2018-19	कुल
1	अरुणाचल प्रदेश	854	280	1,134
2	असम	572		572
3	बिहार	332	264	596
4	छत्तीसगढ़	348	31	379
5	जम्मू और कश्मीर	35	62	97
6	झारखंड	613	116	729
7	कर्नाटक	25		25
8	मध्य प्रदेश	44	5	49
9	महाराष्ट्र		80	80
10	मणिपुर	77	93	170
11	मेघालय	218	151	369
12	मिजोरम	14		14
13	नागालैंड	2		2
14	ओडिशा	544	381	925
15	राजस्थान	1		1
16	उत्तर प्रदेश	9	22	31
17	उत्तराखंड	43	30	73
18	पश्चिम बंगाल	5		5
	कुल	**3,736**	**1,515**	**5,251**

****